Title: Re: Illegal evacuation of Government Ambedkar Hostel, Matbarganj by land mafia.

श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज): महोदय, आपने मुझे लोक महत्व के एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

महोदय, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास, जो मातबरगंज, आजमगढ़ में है, वहाँ रहने वाले छात्रों को एकपक्षीय गलत तरीके से आदेशित कराकर पुलिस बल के द्वारा जबरदस्ती छात्रावास खाली करा दिया गया है । हॉस्टल में रहने वाले बच्चों को समय भी नहीं दिया गया कि वे अपने सामान को इकट्ठा करके उसे खाली कर सकें । भू-माफियाओं द्वारा इसे जबरदस्ती खाली कराया गया है । सरकारी तीन एकड़ जमीन भू-माफियाओं ने जबरदस्ती अपने कब्जे में करने के लिए गलत आदेश कराकर ऐसा किया है । मेरी सरकार से माँग है कि सरकार इसमें हस्तक्षेप करे और जल्द से जल्द एससी, एसटी, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस छात्रों के लिए हॉस्टल बनाकर उनके रहने की व्यवस्था करे । आजमगढ़ मंडल है और मंडल में अभी हाल ही में एक महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय का संचालन हुआ है, जिसके चलते कई जिलों के छात्र यहाँ पठन-पाठन के लिए आते हैं ।

मेरी सरकार से माँग है कि उक्त जमीन को भू-माफियाओं के हाथ से लेकर सरकार उस पर हॉस्टल बनाकर एससी, एसटी, ओबीसी छात्रों के रहने की व्यवस्था करे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।